फार्मा टेक एक्सपो व लैब टेक एक्सपो-2022

चर्चा में क्यों?

28 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में फार्मा टेक एक्सपो व लैब टेक एक्सपो-2022 का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव ने बताया कि इस एक्सपो का उद्देश्य प्रत्येक प्रतिभागी के लिये व्यापार के अवसरों को आकर्षित करना है।
- इस तरह के एक्सपो प्रत्येक प्रतिभागी को नवाचारों और उपकरणों के उचित उपयोग की क्षमता व संभावना के बारे में जानकारी हासिल करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं।
- संजीव कौशल ने बताया कि फार्मास्युटिकल व्यवसाय के विकास और फार्मा क्षेत्र में निवेश करने के लिये हरियाणा राज्य एक आदर्श गंतव्य है तथा राज्य सरकार फार्मास्युटिकल नीति के माध्यम से निवेशकों को विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है।
- उल्लेखनीय है कि इस एक्सपो का आयोजन हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण के बैनर तले भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद और फार्मा टेक्नोलॉजी इंडेक्स डॉट कॉम प्रा. लि. के सहयोग से किया जा रहा है।
- हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण की मुख्य प्रशासक डॉ. जी. अनुपमा ने बताया कि ईज़ ऑफ डूइंग बिज़िनेस के मामले में हरियाणा अग्रणी राज्य है और राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2021 में राज्य से फार्मा निर्यात लगभग 1500 करोड़ रुपए हुआ है।
- फार्मा टेक एक्सपो और लैब टेक एक्सपो-2022; 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 200 से अधिक कंपनियाँ अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। इनमें से 40 से ज़्यादा कंपनियाँ हरियाणा राज्य की हैं।
-

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pharma-tech-expo-lab-tech-expo-2022